प्रेस नोट

दिनांक 01.04.2026

मेले एवं जवारा जुलूस के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण।

आज दिनांक 01.04.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर मृगांक शेखर पाठक द्वारा थाना मुस्करा क्षेत्र में आयोजित होने वाले मेले एवं निकलने वाले जवारा जुलूस के दृष्टिगत क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिस बल की ड्यूटी का निरीक्षण किया गया। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की सतर्कता, मुस्तैदी एवं अनुशासन की जांच करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि वे पूर्ण सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि कार्यक्रम सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

महोदय द्वारा विशेष रूप से भीड़-भाड़ वाले स्थानों, जुलूस मार्ग एवं संवेदनशील बिंदुओं का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मेला समिति एवं जवारा जुलूस के आयोजकों/कमेटी के सदस्यों से वार्ता की गई। उन्होंने आयोजकों से समन्वय बनाए रखते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की तथा सभी से पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी मौदहा एवं थाना प्रभारी मुस्करा सहित अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।